# स्कूलों के लिए COVID से जुड़े स्मार्ट (बढ़िया) उपाय

## परिवारों के लिए जानकारी

हम जानते हैं कि कक्षा में एकसाथ होना हमारे छात्रों के शिक्षण, विकास और कल्याण के लिए सबसे बढ़िया बात है। इस टर्म में हम कई उपाय लागू करना जारी रखेंगे जिससे हम अपने छात्रों के कल्याण को तथा साथ ही एक सुसंगत तथा उत्पादक शिक्षण परिवेश को प्राथमिकता देने में सक्षम बनेंगे।

### यदि अस्वस्थ हों तो घर पर ही रहें

- यदि आपकी संतान अस्वस्थ है, तो यह आवश्यक है कि आप उन्हें घर पर रखें। यदि उनमें COVID-19 के लक्षण नज़र आ रहे हों, तो उन्हें COVID-19 टेस्ट (PCR या RAT) करवाना चाहिए और घर पर सुरक्षित रूप से COVID-19 के प्रबंधन पर NSW सरकार की सलाह का पालन करें (managing COVID-19 safely at home)।
- आपकी संतान को केवल तभी स्कूल वापस आना चाहिए जब उनके शरीर में लक्षण नहीं रहते हैं।

### टीकाकरण

- COVID-19 और अन्य वायरल बीमारियों के लिए टीकाकरण अपने आप को, अपने परिवार और समुदाय को सुरक्षित रखने का सबसे बढ़िया तरीका है। टीकाकरण आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को कई बीमारियों के खिलाफ मदद करने का एक सुरक्षित और प्रभावी तरीका है।
- सभी पात्र कर्मचारियों और छात्रों को अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए अपने टीकाकरणों को अप-टु-डेट बनाए रखने के लिए ज़ोर देकर प्रोत्साहित किया जाता है।
- विशिष्ट प्रयोजनों के लिए स्कूलों में काम करने वाले सभी कर्मचारियों (schools for specific purposes (SSPs)) के लिए COVID-19 के खिलाफ दो टीके लगवाना या एक मान्य चिकित्सा अंतर्विरोध (medical contraindication) का होना आवश्यक है।

### रैपिड एंटीजन टेस्टिंग

- यदि आपकी संतान में COVID-19 के लक्षण नज़र आ रहे हों तो रैपिड एंटीजन टेस्टों (Rapid antigen tests (RATs)) का प्रयोग किया जाना चाहिए।
- जिन छात्रों का COVID-19 का टेस्ट परिणाम पॉज़िटिव आता है, उन्हें अपने स्कूल को सूचित करने और Service NSW के साथ अपना पॉज़िटिव परिणाम रजिस्टर करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि वे NSW हेल्थ से समय पर सलाह और समर्थन प्राप्त कर सकें।
- स्कूल प्रकोप की स्थिति में निगरानी परीक्षण उद्देश्यों के लिए स्कूली स्थल पर रैपिड एंटीजन परीक्षणों का एक आरक्षित भंडार (स्टॉक) बनाए रखेंगे।

### स्वच्छता और साफ-सफाई

- छात्रों को नियमित रूप से साबुन और पानी से हाथ धोने और आवश्यकतानुसार व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
- दिन के दौरान स्कूलों की सामान्य से अधिक साफ-सफाई अधिक स्पर्श वाले क्षेत्रों और अन्य कठोर सतहों, दरवाजों के हैंडलों, लॉकरों, लाइट स्विच और सीढियों के साथ लगी हैंडरेल और आवाजाही वाले क्षेत्रों पर केंद्रित होगी।

### वेंटिलेशन (वायु-संचार)

- संचरण के खतरे को कम करने के लिए ताजी हवा वेंटिलेशन का सबसे प्रभावी रूप है।
- गर्म महीनों के दौरान, थर्मल सुविधा को संतुलित करने के लिए वेंटिलेशन विधियों के साथ कूलिंग का उपयोग किया जाएगा।
- सरकारी स्कूलों में शिक्षण के सभी स्थलों की जाँच की गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जहाँ आवश्यक हो वेंटिलेशन के उचित स्तर और एयर प्यूरीफायर प्रदान किए गए हैं।
- जहाँ संभव होगा, बाहरी स्थानों के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाना जारी रहेगा।

## मास्क

- जहां संभव हो वहां सभी छात्रों, कर्मचारियों और आगंतुकों के लिए मास्क पहनने को ज़ोर देकर प्रोत्साहित किया जाता है, विशेष रूप से घर के अंदर और/या जब शारीरिक दूरी संभव नहीं है, और यदि वे COVID-19 के संपर्क में हैं।
- COVID-19 के संपर्क में आने से गंभीर रोग होने का अधिक खतरा होने वाले छात्रों की सहायता करने वाले स्टाफ, स्वयंसेवकों और अन्य कर्मचारियों के लिए हर समय मास्क पहनना जारी रखना आवश्यक है, चाहे वे विशिष्ट उद्देश्यों, सहायता इकाइयों या मुख्यधारा कक्षाओं के लिए स्कूलों में हों।

## विज़िटर (आगंतुक)

- विज़िटर मुख्य स्कूली स्थलों में आ सकते हैं चाहे उन्हें टीका लगा हो या न लगा हो।
- जो विज़िटर स्कूल संचालन और पाठ्यक्रम वितरण और विद्यार्थियों की भलाई के लिए संबद्ध स्वास्थ्य भागीदारों के लिए कुछ उच्च जोखिम वाले परिवेशों में विद्यार्थियों के साथ सीधे काम कर रहे हैं, उन्हें मास्क पहनने की आवश्यकता हो सकती है।

## गतिविधियाँ

- स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़े खतरा आकलन नियोजन गतिविधियों में एकीकृत किए जाएँगे, इनमें शिविर और रात रूकने वाले कैंप शामिल हैं।
- माता-पिता और देखभालकर्ताओं को संक्रमण के खतरे से अवगत कराया जाएगा और उन्हें कुछ निश्चित गतिविधियों के लिए अनुमति देनी होगी।

## स्थानीय स्थितियों पर प्रतिक्रिया करना

- वायरल बीमारी के प्रकोपों सहित स्थानीय स्थितियों पर उचित ढंग से प्रतिक्रिया करने के लिए स्कूल विभाग की स्वास्थ्य, सुरक्षा और कर्मचारी कल्याण प्रबंधन टीम के साथ काम करेंगे।
- कुछ मामलों में, स्कूल अस्थायी रूप से संक्रमण की कड़ियों को रोकने में मदद करने के लिए सीमित समय के लिए अतिरिक्त उपाय लागू कर सकते हैं, जिसमें मास्क पहनना अनिवार्य बनाना, गैर-आवश्यक गतिविधियों को स्थगित या सीमित करना और कुछ निश्चित समूहों को रिमोर्ट तरीके से सीखने का निर्देश देना शामिल है।

## रिमोर्ट तरीके से शिक्षा प्राप्त करना

- जिन विद्यार्थिओं को रिमोर्ट तरीके से शिक्षा प्राप्त करने की आवश्यकता होती है, उनकी सहायता के लिए स्कूलों के पास डिजिटल, निर्देशित और प्रिंट किए गए शिक्षण संसाधनों तक पहुंच होनी जारी है।

## टेलीफोन दुभाषिया सेवा

यदि आपको अधिक जानकारी की आवश्यकता है तो कृपया अपने स्कूल के प्रिंसिपल को फोन करें। यदि अपनी पूछताछ में आपकी सहायता करने के लिए आपको एक दुभाषिए की आवश्यकता है तो कृपया टेलीफोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर फोन करें और अपनी भाषा में दुभाषिए के लिए निवेदन करें। ऑपरेटर को वह नम्बर बताएँ जिसपर आप कॉल करना चाहते/ती हैं, और ऑपरेटर बातचीत में आपकी मदद करने के लिए दुभाषिए को लाइन पर कनेक्ट करेगा। इस सेवा के लिए आपसे शुल्क नहीं लिया जाएगा।

एन.एस.डबल्यू. की सरकार छात्रों और स्कूल के कर्मचारियों की सुरक्षा और कल्याण को प्राथमिकता देते हुए यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि स्कूल के संचालन कार्य जारी रहते हैं।